दिन–शनिवार दिनांक– 03/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी की थीम प्रकाश और कमल : प्रबुद्ध व्यक्ति के अवशेष है। प्रधानमंत्री ने भगवान बुद्ध से संबंधित प्रदर्शनी के विभिन्न हिस्सों का अवलोकन भी किया। अठारह सौ अंठानवे में खोजे गए पिपरहवा अवशेषों का प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में महत्वपूर्ण स्थान है। ये भगवान बुद्ध से सीधे जुड़े सबसे प्राचीन और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण अवशेषों में से हैं। पिपरहवा अवशेषों को एक सदी से भी अधिक समय के बाद भारत वापस लाया गया है। इन अवशेषों को इस प्रदर्शनी में रखा गया है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सात निश्चय–तीन के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान उद्देश्य के तहत बुर्जुग नागरिकों को उनके घर पर ही अत्यावश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि बुर्जुगों को घर पर ही ब्लड प्रेशर जांच, ईसीजी और पैथोलॉजी जांच की सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा, फिजियोथेरेपी, नर्सिंग सहायता और आपातकालीन स्थिति में सभी प्रकार की चिकित्सकीय सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने लोगों से इस संबंध में सुझाव भी मांगे हैं।

———————————————————

सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम से तीन सौ दो करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इन परियोजनाओं में अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रिजॉल्यूशन बिल्डिंग, ऑडिटोरियम, प्रशासनिक ब्लॉक, मल्टी लेवल पार्किंग, आईटी बिल्डिंग, आवासीय परिसर और अस्पताल भवन शामिल हैं। मुख्य न्यायाधीश ने न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किये गये प्रौद्योगिकी सक्षम, ईएसीआर न्याय का

उद्घाटन किया। यह प्लेटफॉर्म न्यायिक अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाएगा।

आज महान समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सावित्रीबाई फुले को श्रद्धांजलि अर्पित की। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि उनका जीवन सेवा और शिक्षा के माध्यम से समाज के परिवर्तन के लिए समर्पित था। उन्होंने कहा कि सावित्रीबाई फुले समानता, न्याय और करुणा के सिद्धांतों के प्रति समर्पित थीं। सावित्रीबाई फुले की जयंती पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज छह दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। आज राज्य के उत्तरी, दक्षिण–मध्य और दक्षिण–पश्चिम भागों में कुछ जगहों पर शीतदिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट होने की संभावना है। वहीं, न्यूनतम तापमान में तीन से चार दिन तक कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा।

आकाशवाणी, पटना का प्रादेशिक समाचार एकांश आज सामयिक चर्चा कार्यक्रम के तहत विकसित भारत– जी राम जी अधिनियम पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार के साथ विशेष बातचीत का प्रसारण करेगा। इसे रात्रि सात बजकर बावन मिनट से सुना जा सकता है।

अररिया जिले के पलासी थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक वाहन से मादक पदार्थ ब्राउन शुगर और पचास हजार रूपये के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

नवादा जिले के रजौली चेकपोस्ट पर उत्पाद विभाग की टीम ने एक कंटेनर ट्रक से कोडीन फॉस्फेट युक्त कफ सिरप की सोलह हजार आठ सौ बोतलें बरामद की है। ट्रक को जब्त कर चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।